Australian Government

Hindi

अपने पक्षियों को H5 बर्ड फ्लू से सुरक्षित रखें



H5 बर्ड फ्लू

संक्रमित पक्षियों, उनके मल, या साझे पानी, चारे या उपकरणों के संपर्क में आने से जंगली पक्षियों और घरों के पिछवाड़े (बैकयार्ड) में पाले जाने वाले पक्षियों के झुंड में फैल सकता है।

यह तेज़ी से फैल सकता है और इससे पक्षियों में गंभीर बीमारी या मृत्यु हो सकती है।

अपने पक्षियों में इन लक्षणों पर नज़र रखें:


- कमज़ोरी या खाना नहीं खाना
- साँस लेने में मुश्किल का सामना करना
- सिर या गर्दन में सूजन
- अचानक से मृत्यु
- अंडे देने में कमी

यदि कुछ सही महसूस नहीं होता है, तो शीघ्र सलाह लें।

अपने पालतू पक्षियों और हमारे वन्यजीवों को सुरक्षित रखने में मदद के लिए उठाए जाने वाले सरल कदम

1. जंगली पक्षियों को दूर रखें

जंगली पक्षियों को अपने पालतू पक्षियों और उनके खाने एवं पीने की चीज़ों से दूर रखने के लिए जाली या सुरक्षित बाड़े का इस्तेमाल करें।





2. साफ़-सफ़ाई का ध्यान रखें

पिंजरों, उपकरणों और जूतों को नियमित रूप से साफ़ करें।

3. हाथ धोएँ

पक्षियों और अंडों को छूने से पहले और बाद में हाथ धोएँ।



और अधिक जानकारी के लिए birdflu.gov.au पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें।

यदि आपको बीमार या मृत जानवरों के झुंड दिखाई दें, तो संपर्क में आने से परहेज करें, उनकी जानकारी नोट करें और आपातकालीन पशु रोग हॉटलाइन: 1800 675 888 पर इसकी सूचना दें।

1800 675 888